

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 224 | ग्वालियर रविवार, 4 जून 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज़ ट्रैक

### बालासोर पहुंची ममता बनर्जी बोलीं- अगर ट्रेन में ये डिवाइस होता तो हादसा नहीं होता



**नई दिल्ली।** ओडिशा के बालासोर में हुए भयानक ट्रेन हादसे ने देशवासियों को पूरी तरह से विचलित कर दिया है. बहनागा बाजार स्टेशन के पास तीन ट्रेनों की टक्कर में अब तक 280 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी हैं, जबकि 900 से अधिक यात्री घायल हैं. इस बीच पश्चिम बगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस हादसे पर चिंता व्यक्त की और खुद घटनास्थल पर पहुंच गईं. उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर कहा कि ये वक्त राजनीति का नहीं है. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ओडिशा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हादसे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, रेल मंत्री के साथ मेरी मुलाकात हुई है. उन्होंने आगे कहा कि अब तक का यह सबसे बड़ा रेल हादसा है. 1981 में भी ऐसा ही हादसा हुआ था. एंटी कोलिशन डिवाइस इस ट्रेन में नहीं था. अगर ट्रेन में एंटी कोलिशन डिवाइस होता तो यह हादसा नहीं होता. हमारे राज्य के जिन लोगों की इस हादसे में मौत हुई है, हम उनके घरवालों को 5-5 लाख रुपये देंगे. हम राज्य सरकार और रेलवे का राहत और बचाव कार्य में पूरा सहयोग करेंगे. आपको बता दें कि पश्चिम बंगाल के मंत्री मानस भूंइया, टीएमसी के सांसद डोला सेना और कुछ अफसरों की एक टीम ट्रेन हादसे के तुरंत बाद ही घटनास्थल पर पहुंच गई थी. साथ ही हादसे में घायल यात्रियों के उपचार के लिए 40 डॉक्टरों की भी एक टीम भी भेजी गई है.

### चारधाम यात्रा 2023: केदारनाथ हेलिकॉप्टर टिकट बुकिंग के नाम पर हिमाचल प्रदेश के 12 यात्रियों से ठगी



**देहरादून।** चारधाम यात्रा के शुरू होने के साथ ही लोगों को ठगने वाले गिरोह भी सक्रिय हो गए हैं। अभी तक कई श्रद्धालु ठगी का शिकार हो चुके हैं। इस बार केदारनाथ हेलिकॉप्टर टिकट बुकिंग के नाम पर हिमाचल प्रदेश के 12 यात्रियों से ठगी का मामला सामने आया है। वहीं आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। ठगे गए यात्रियों ने आरोपी को मोबाइल कॉल भी की, लेकिन उनकी कोई कॉल रिसीव नहीं हुई। इसके बाद पीड़ति पक्ष गुप्तकाशी पुलिस थाना पहुंचा और आपबीती सुनाई। आरोपी द्वारा यात्रियों को व्हाट्सएप पर हेलिकॉप्टर टिकट भेजी गई, जो जांच में फर्जी पाई गई हैं। पीड़ति पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीते 30 मई को हिमाचल प्रदेश से वरुण सूद पुत्र स्वरूप किशन सूद अपने साथियों के साथ बाबा केदार के दर्शन के लिए गुप्तकाशी पहुंचे थे। यहां पहुंचकर उन्होंने बीते बृहस्पतिवार के लिए केदारनाथ जाने के लिए हेलिकॉप्टर ई-टिकट बुकिंग के लिए ऑनलाइन सर्च किया तो एक मोबाइल नंबर मिला। इस नंबर पर कॉल करने पर उन्हें कॉल रिसीव करने वाले ने बताया कि वह पवनहंस हेली कंपनी का एजेंट है और यात्राकाल के लिए यात्रियों के टिकट फोनकॉल पर बुक कर रहा है। इस पर, वरुण व उसके साथियों ने उससे हेलिकॉप्टर की 12 टिकट उपलब्ध कराने की बात की। कुछ देर की बातचीत के बाद वह टिकट बुक करने के लिए सहमत हुआ। यात्रियों ने 12 टिकट के हिसाब से ऑनलाइन पेमेंट के तहत उसके दिए खाता नंबर पर 92,880 रुपये ट्रांसफर कर दिए। कुछ देर में वरुण के व्हाट्सएप पर 12 टिकट भी उपलब्ध हो गईं। इसके बाद वह, टिकट का प्रिंट लेकर पवनहंस के टिकट काउंटर पर पहुंचे तो पाया कि ये सभी टिकट फर्जी हैं। ठगे गए यात्रियों ने आरोपी को मोबाइल कॉल भी की, लेकिन उनकी कोई कॉल रिसीव नहीं हुई। इसके बाद पीड़ति पक्ष गुप्तकाशी पुलिस थाना पहुंचा और आपबीती सुनाई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाकर जांच शुरू कर दी है। इधर, पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने प्रदेश सराकर द्वारा अधिकृत वेबसाइट से ही टिकट बुकिंग करने को कहा है। इस यात्रा में हेलिकॉप्टर टिकट के नाम पर यात्रियों से ठगी के मामले में यह दूसरा मुकदमा दर्ज हुआ है। इससे पूर्व एक आरोपी को पुलिस गिरफ्तार भी कर चुकी है।

### प्लास्टिक प्रदूषण का विरोध करें

**बीजिंग।** विश्व पर्यावरण दिवस वर्ष 1973 से हर साल 5 जून को मनाया जाता है। इसके आयोजन से पर्यावरण समस्या पर लोगों की समझ और रवैया जाहिर हुआ। विश्व पर्यावरण दिवस अनवरत विकास लक्ष्य बढ़ाने का महत्वपूर्ण मंच बन गया है। 51वां विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को है, जिसका नारा है प्लास्टिक प्रदूषण का हराओ। अब दुनिया प्लास्टिक प्रदूषण से पीड़ति है। हर साल 43 करोड़ टन से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन होता है। प्लास्टिक प्रदूषण की सबसे हानिकारक और स्थाई प्रभाव वाली चीज माइक्रोप्लास्टिक है। मानव और पृथ्वी के स्वास्थ्य पर इसका खतरा सबसे बड़ा है। माइक्रोप्लास्टिक रोजमर्रा की वस्तुओं में पाए जाते हैं, जैसा कि सिगरेट, कपड़े और सौंदर्य प्रसाधन आदि। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण आयोग के अनुसंधान के अनुसार कुछ उत्पादों के निरंतर उपयोग से पर्यावरण में माइक्रोप्लास्टिक्स का संचय बढ़ जाता है। 5 मिमी व्यास तक के माइक्रोप्लास्टिक्स समुद्री प्लास्टिक कूड़े, पाइप, उत्पादन सुविधाओं में रिसाव और अन्य माध्यमों से समुद्र में जाते हैं।

# सोनिया गांधी ने ओडिशा ट्रेन हादसे में यात्रियों की मौत पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की अध्यक्ष और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ओडिशा के बालासोर ट्रेन हादसे में कई यात्रियों की मौत पर शनिवार को शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष ने एक बयान में कहा, ओडिशा में भयानक ट्रेन दुर्घटना से मुझे सबसे ज्यादा पीड़ा हुई है। मैं सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी सहानुभूति और संवेदना व्यक्त करती हूं। ओडिशा के बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार शाम एक ट्रेन दुर्घटना में 261 लोगों की मौत हो गई थी। 900 से अधिक लोग घायल भी हुए हैं और कई अस्पतालों में भर्ती हैं।



इस बीच, कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा नेता अधीर रंजन चौधरी और एआईसीसी प्रभारी ए. चेल्ला कुमार को स्थिति का जायजा लेने और कांग्रेस कार्यकर्ताओं और फ्रंटल संगठनों द्वारा किए जा रहे राहत प्रयासों की निगरानी के लिए तुरंत ओडिशा में दुर्घटनास्थल का दौरा करने के लिए नियुक्त किया है। इससे पहले एआईसीसी प्रभारी-प्रशासन और कांग्रेस अध्यक्ष कार्यालय के समन्वयक गुरदीप सिंह सप्पल ने ट्वीट किया, ऐसे मामलों में इस्तीफे की उम्मीद न केवल नैतिक आधार पर की जाती है। इस्तीफा यह सुनिश्चित करने का भी एक साधन है कि सत्ता में बैठे और दुर्घटना के लिए जवाबदेह लोग इस तरह की उच्च स्तरीय जांच को प्रभावित न करें। यही कारण है कि स्थापित परंपरा रही है कि चेन ऑफ कमांड के सभी अधिकारियों को निलंबित कर दिया जाता है और मंत्री इस्तीफा दे देते हैं।

## मनीष सिसोदिया बीमार पत्नी से आवास पर नहीं मिल सके

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति घोटाला मामले में न्यायिक हिरासत में चल रहे आप नेता मनीष सिसोदिया शनिवार को अपनी बीमार पत्नी से उनके आवास पर नहीं मिल सके। हालत बिगड़ने पर उन्हें एलएनजेपी अस्पताल ले जाना पड़ा। दिल्ली हाईकोर्ट ने सिसोदिया को शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पत्नी से मिलने की इजाजत दी थी। सिसोदिया सुबह करीब 10 बजे अपने घर पहुंचे। सिसोदिया ने कोर्ट के निर्देशानुसार मीडिया से बात नहीं की और सीधे आवास के अंदर चले गए। लेकिन, सीमा सिसोदिया को उनके पति



मनीष सिसोदिया के आने से पहले ही अस्पताल ले जाया जा चुका था। सिसोदिया ने सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में अपने वकील के माध्यम से जमानत के लिए आधार के रूप में अपनी पत्नी की चिकित्सा स्थिति का हवाला देते हुए अंतरिम जमानत याचिका दायर की थी। ईडी और सीबीआई दोनों ने घोटाला मामले में सिसोदिया के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। सिसोदिया के खिलाफ दायर चार्जशीट पर कोर्ट ने संज्ञान लिया है। इससे पहले कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## जम्मू-कश्मीर एलजी ने अमरनाथ यात्रा 2023 की औपचारिक शुरुआत के लिए पूजा में लिया भाग





**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने शनिवार को अमरनाथ यात्रा 2023 की औपचारिक शुरुआत के लिए प्रथम पूजा में भाग लिया। सिन्हा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पूजा में शामिल हुए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उपराज्यपाल ने सभी के अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रार्थना की है। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) हर साल ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर पवित्र अमरनाथ गुफा में प्रथम पूजा का आयोजन करता है। उपराज्यपाल ने कहा कि दुनियाभर के लाखों भक्तों के लिए बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा की तीर्थयात्रा जीवन का सपना होती है। आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि तीर्थयात्रियों के आराम और देखभाल के लिए सबसे अच्छी व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं में सुधार लाने के लिए पिछले कुछ वर्षों में समर्पित प्रयास किए गए हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए मेहनत कर रहे हैं कि यात्रा के दौरान भक्तों की जरूरतों का ध्यान रखा जाए। हम तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर सुविधाओं और सेवाओं के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। सिन्हा ने 1 जुलाई से शुरू होने वाली तीर्थयात्रा के सफल संचालन के लिए स्थानीय निवासियों के अत्यधिक योगदान को भी स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि इससे आजीविका के अवसर भी बढ़ेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। एक जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा 62 दिनों तक चलेगी। यात्रा दोनों मार्गों अनंतनाग जिले के पहलगाम ट्रैक और गांदरबल जिले के बालटाल से एक साथ शुरू होगी और 31 अगस्त को समाप्त होगी। प्रथम पूजा अनुष्ठानों में एसएएसबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनदीप कुमार भंडारी, श्राइन बोर्ड के सदस्य, एसएएसबी, सेना और लेफ्टिनेंट गवर्नर सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों सहित अन्य शामिल हुए।

## मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 22 लाख रुपए



**नई दिल्ली।** ओडिशा के बालासोर में हुए ट्रेन की चीखें पूरे देश में सुनाई दे रही हैं. कोरोमंडल ट्रेन हादसे में मरने वालों की संख्या 288 हो गई है. वहीं मृतकों की भरपाई तो किसी से नहीं हो सकती. लेकिन परिजनों के जख्मों पर मरहम जरूर लगाया जा सकता है. ऐसे में सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को कुल 22 लाख रुपए की घोषणा की गई है. जिसमें पैसा अलग-अलग श्रोत में परिजनों को दिया जाएगा. पहले रेलवे ने सिर्फ 5 लाख रुपए की घोषणा की थी. जिसे बढ़ाकर दोगुना यानि 10 लाख रुपए कर दिया गया है. आइये जानते हैं कैसे मिलेगी परिजनों को 22 लाख रुपए की आर्थिक मदद. रेल मंत्रालय ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए देने की घोषणआ की है. वहीं प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से भी 2 लाख रुपए की आर्थिक मदद की घोषणा की गई है. वहीं 10 लाख रुपए का डेथ कवर भी मृतकों के परिजनों को मिलेगा. हालांकि ये डेथ कवर सिर्फ उन्हीं लोगों को मिल पाएगा जिन्होने टिकट बुक करते वक्त 49 पैसे के विकल्प को चुना होगा. साथ ही राज्य सरकार ने अभी तक कोई आर्थिक मदद की घोषणा नहीं की है. बताया जा रहा है कि राज्य सरकार अगर कुछ घोषणा करती है तो वह 22 लाख से अलग होगी। ट्रेन हादसे में प्रधानमंत्री राहत कोष से 50,000 रुपए, रेल मंत्रालय ने गंभीर घायलों को 2 लाख रुपए देने का ऐलान किया है. वहीं आपको बता दें कि ट्रेवल इंश्योरेंस के तहत हादसे में यात्रियों को विकलांगता और मृत्यु होने पर 10 लाख रुपये और आंशिक विकलांगता होने पर 7.5 लाख रुपये मिलने का प्रावधान है. यही नहीं यदि कोई घायल अस्पताल में उपचार करा रहा है तो उसे 2 लाख रुपए की आर्थिक मदद मिलती है. इसके अलावा ष्टरूस्ट्य स्टालिन ने भी ओडिशा में हुए ट्रेन हादसे पर अपना शोक व्यक्त किया है. साथ ही अपने राज्य के मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपए देने का ऐलान किया है.. साथ ही घायलों को भी 1 लाख रुपए देने की घोषणा की है.

### कैलिफोर्निया में सिखों को बिना हेलमेट बाइक की सवारी की अनुमति देने वाला विधेयक

**न्यूयॉर्क।** कैलिफोर्निया में सीनेटरों ने मोटरसाइकिल चलाते समय सिखों को सुरक्षा हेलमेट पहनने से छूट देने वाले विधेयक के पक्ष में मतदान किया। सीनेटर ब्रायन डाहले द्वारा लिखित सीनेट बिल 847 ने इस सप्ताह 21-8 मतों के अंतर से राज्य की सीनेट ने मंजूरी दे दी, और अब यह विधानसभा में जाएगा। डाहले ने सीनेट में बिल पेश करने के बाद एक बयान में कहा, धर्म की स्वतंत्रता इस देश की एक प्रमुख नींव है। हमें अमेरिकियों के रूप में, अपने धर्म को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने का अधिकार है और मेरा मानना है कि यह अधिकार सभी के लिए समान रूप से विस्तारित होना चाहिए। उन्होंने कहा, पगड़ी या पटका पहनने वालों को हेलमेट



पहनने से छूट देना यह सुनिश्चित करने का एक सरल तरीका है कि सभी की धार्मिक स्वतंत्रता सुरक्षित रहे। 2021 के अमेरिकी सामुदायिक सर्वेक्षण के अनुमान के अनुसार, कैलिफोर्निया में 211,000 सिख रहते हैं, जो अमेरिका में रहने वाले सभी सिखों का लगभग आधा है। स्टेट सीनेट को बताया गया कि अब तक बाजार में ऐसा कोई हेलमेट मौजूद नहीं है, जिसमें पगड़ी या पटका हो, लेकिन सिख समुदाय के सदस्यों के अनुसार, पगड़ी एक अच्छी सुरक्षा है। वर्तमान में, 18 राज्यों और वाशिंगटन डीसी में सभी सवारों के लिए एक सार्वभौमिक हेलमेट कानून है। 29 राज्यों में निर्दिष्ट सवारों के लिए हेलमेट की आवश्यकता आम तौर पर एक निश्चित आयु (18 या 21) के बाद होती है। डाहले के कार्यालय के एक बयान में कहा गया है, हालांकि अन्य देश और हमारी अपनी सेना सिखों के गहरे विश्वासों के लिए आवास बनाती है, अमेरिकी राज्यों में हेलमेट की आवश्यकता होती है, किसी को भी सिखों या धार्मिक अभ्यास के आधार पर किसी अन्य समूह के लिए छूट नहीं है। सिखों के लिए हेलमेट के इस सवाल पर कनाडा और यूके जैसे अन्य देशों में भी बहस और विचार किया गया है। कनाडा में अल्बर्टा, ब्रिटिश कोलंबिया, मैनिटोबा और ओंटारियो सहित कई प्रांतों में सिखों को मोटरसाइकिल हेलमेट कानूनों से छूट दी गई है।

**हादसा** | अमृतसर गोल्डन टेंपल एक्सप्रेस और जम्मू तवी-सियालदह एक्सप्रेस की टक्कर में 200 से अधिक लोगों की जान चली गई

# भारत में ट्रेनों से जुड़े बड़े हादसे, कांप गई रूह

**नई दिल्ली।** भारत में ट्रेन एक्सीडेंट्स का लंबा इतिहास रहा है. आजादी के बाद लाल बहादुर शास्त्री ने ट्रेन हादसे के बाद नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था. लेकिन ये हादसे थमे नहीं. अभी ओडिशा के बालासोर में तीन ट्रेनों की आपसी टक्कर की खबर आई है, जिसमें पौने तीन सौ लोगों से भी अधिक की मौत हो गई, तो 900 से अधिक लोग घायल हो गए हैं. मुख्यमंत्री नवीन पटनायक घटनास्थल का मुआयना कर चुके हैं, तो रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव भी दुर्घटनास्थल पर पहुंचे. वहीं, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पीड़ितो से मिल रहे हैं, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी ओडिशा पहुंच रहे हैं. लेकिन अब अभी आपको बता रहे हैं, देश में हुए उन भीषण ट्रेन हादसों के बारे में, जिनसे अब तक सबक नहीं लिया गया है.
साल 1981 में 6 जून को बिहार के खगड़िया में ऐसा ट्रेन हादसा हुआ था, जिसे याद कर आज भी लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं. यहां एक ट्रेन रेलवे पुल से उतर कर सीधे नदी में समा गई थी.



7 डिब्बे पानी में बह गए थे. अगले 5 दिनों तक शव ढूंढे और निकाले गए. आधिकारिक आंकड़ों में 300 मौतों की बात कही जाती है, लेकिन लोगों का कहना है कि इस हादसे में कहीं ज्यादा लोग मारे गए थे. साल 1999 में पश्चिम बंगाल में अवध-आसाम एक्सप्रेस और ब्रह्मपुत्र मेल की सीधी टक्कर हो गई थी. इस हादसे में 285 लोगों की मौत हुई थी, तो सैकड़ों लोग घायल हो गए थे. इस हादसे के बाद ट्रेनों में टक्करों को रोकने के लिए तंत्र बनाने की व्यवस्था की तैयारी शुरू हो गई थी, लेकिन अब तक ऐसे हादसों को रोका नहीं जा सका है. उससे एक साल पहले 1998 में अमृतसर गोल्डन टेंपल एक्सप्रेस और जम्मू तवी-सियालदह एक्सप्रेस की टक्कर में 200 से अधिक लोगों की जान चली गई थी. इसके अलावा साल 2002 में गया में राजधानी एक्सप्रेस के कोच सीधे नदी में जा गिरे थे, उस हादसे में 150 लोगों की मौत हो गई थी. वहीं, साल 2010 में पश्चिम बंगाल में ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी, जिसमें 170 लोगों की मौत हो गई थी. कानपुर में पुखरायां के पास पटना-इंदौर एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतर गए थे, जिसमें 142 लोगों की मौत हो गई थी.

# जयंत मलैया ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा भ्रमण



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** मध्य प्रदेश शासन के पूर्व वित्त मंत्री निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं शनिवार को मलैया ने ग्राम शीशपुरपटी, हरदुआमुडर, खंचारीटोला, मेली, एरोरा क्षेत्रों का भ्रमण दौरा किया जहां वह शोकाकुल परिवारजनों से मिलें और अपनी शोक संवेदना व्यक्त की,साथ ही अन्य ग्रामीणजन से भेंट कर लोगों की समस्याओं को जाना और तत्काल निराकरण किया। इस दौरान उनके साथ ग्राम इमलियाघाट सरपंच अजय सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार जैन, पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश यादव, मंडल अध्यक्ष डालचंद कुशवाहा, भोला सोनी, एडवोकेट दिलीप सिंह, भगुन सिंह, भगवानदास यादव, विजय सिंह एवं भाजपा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# उज्जैन के महाकाल लोक में हुये घोटाले की उच्च स्तरीय जॉच कि जाये :रतनचंद्र जैन

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नें 22 अक्टूबर 2022 को महाकाल लोक का उदघाटन किया था लेकिन झूठ की राजनीति करने वाली भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुये बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जिन्होंने महाकाल लोक की आधार शिला रखी थी उस समय झूठ फरेब की राजनीति करने वाली भाजपा ने कमलनाथ को श्रेय देने से पूरी तरह इंकार कर दिया था। महाकाल लोक बने अभी एक वर्ष भी



नहीं हुआ है कि सामान्य रफतार से चली हवा से मूर्तिया गिर गई और खंडित हो गयी। भाजपा के ठेकेदारों ने जो यह निर्माण करवाये थे उनकी कलई खुल गई और महाभ्रष्टाचार कि पोल खुल गयी। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि पिछले समय कर्नाटक में बजरंगवली का भाजपा ने झूठा सहारा लिया तो उन्होंने ऐसा गदा घुमाया कि उन्हें सरकार ही गॅवानी प?ी और उन्ही बजरंगवली ने थो?ी सी हवा क्या चलाई कि उनके कथित भ्रष्टाचार की कलई खुल गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाये कि कम से कम भगवान के नाम पर तो भ्रष्टाचार नही करते। इस दौरान जिला कांग्रेस कार्यालय में कमलेश उपाध्याय,वीरेन्द्र राजपूत, आशुतोष शर्मा, शमीम कुरैशी, प्रफुल्ल श्रीवास्वत, मंजीत यादव, अरूण मिश्रा,आशीष पटेल, अजय सरवरिया, अनिल जैन, ब्रजेश पटेल ने उक्त घोटाले की उच्च स्तरीय जॉच कराने की मॉग की।

# नया बाजार 1 में लाडली बहना योजना के प्रमाण पत्र का वितरण किया गया



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने वाली योजना को नगर पलिका के योजना प्रभारी अरशद खान एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा भाजपा के शक्तिकेंद्र 6 नया बाजार एक में लाडली बहना योजना के प्रमाण पत्र का वितरण किया गया । नगर उपाध्यक्ष मनीष असाटी ने बताया कि अभी भी किसी के खाते में डीबीटी,आधार लिंक न हुआ हो तो करवा ले, जिससे फार्म अपडेट हो जाए जिससे राशि सही खाते में जाये। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर उपाध्यक्ष शक्तिकेंद्र प्रभारी मनीष असाटी,पार्षद कपिल सोनी,प्रभा नामदेव, पंकज राय, योजना प्रभारी अरशद खान,अतुल असाटी अनूप सोनी,महेन्द्र सोनी,लाभान्वित लाडली बहने,सोना असाटी,मीरा चक्रवर्ती,मीना चक्रवर्ती,कृष्णाअसाटी,संध्या असाटी,चंदा चक्रवर्ती,प्रीति चक्रवर्ती,स्वाति सोनी,रश्मि चक्रवर्ती,सरोज चक्रवर्ती,संगीता असाटी,रेखा मिश्रा,अर्चना ठाकुर,संगीता सोनी,सुधा जैन,संगीता सोनी,रजनी असाटी,सीमा सोनी,सहित वार्ड की महिलाओं एवं बहनों को प्रमाण पत्र बाँटे गये।

# एडवांस कराटे सेमिनार संपन्न हुआ

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** विगत दिवस इंटरनेशनल कराटे फेडरेशन मध्यप्रदेश की ब्रांच दमोह मे ऑनलाइन एडवांस कुमिते कराते ट्रेनिंग सेमिनार का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर केशव नगर दमोह मे किया गया। जिसमे मध्यप्रदेश के 5 जिलों के 80 कराटे खिला?ियों ने भाग लिया। इंटरनेशनल कराटे फेडरेशन मध्यप्रदेश के मुख्य प्रशिक्षक प्रभारी महासचिव व परीक्षक, एशियन कराते फेडरेशन के जज व कराते इंडिया ऑर्गनाइजेशन के रेफरी सेंसाई संतोष पटेल के नेतृत्व मे यह सेमिनार आयोजित किया गया इस ऑनलाइन सेमिनार मे कनाडा के मुख्य प्रशिक्षक व अध्यक्ष एशियन कराते




फेडरेशन के रेफरी वर्ल्ड कराते फेडरेशन के जज के द्वारा प्रदेश के खिला?ियों को विशेष कराते प्रशिक्षण ऑनलाइन एडवांस कराते सेमिनार के माध्यम से प्रदान किया गया। इस सेमिनार का आयोजन इंटरनेशनल कराते फेडरेशन ब्रांच दमोह के मुख्य प्रशिक्षक प्रभारी सेम्पाई गणेश बंसल व तकनीकी निर्देशक सेम्पाई धर्मेंद्र सिंह जूदेव ने किया। एवं संस्था के प्रशिक्षकों सेंसाई संतोष पटेल जबलपुर, सेम्पाई हर्षा झरिया, अशोक नगर ऋभू ठाकुर जबलपुर, पिंकी पॉल जबलपुर, नीलेश पोरते दमोह साक्षी पटेल नरसिंहपुर, आदि नये प्रशिक्षकों ने अपने अपने खिला?ियों की टीमों को उक्त सेमिनार मे सम्मिलित कर कराते खेल की बेहतर तकनीकियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## मिशन लाईफ के तहत वनमंडल दमोह अंतर्गत वन क्षेत्रों में

# पशुपक्षियों एवं वन्यप्राणियों के लिये पेयजल की व्यवस्था अभियान जारी

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** जिले में पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली मिशन लाइफ अभियान के अंतर्गत इन दिनों वन विभाग द्वारा वन्यप्राणियों एवं पशु पक्षियों के लिये पेय जल की व्यवस्था अभियान की अगुवाई करते हुये वनमंडल अधिकारी दमोह महेन्द्र सिंह उईके, उप वन मंडल अधिकारी दमोह आर.सी. चौबे, उप वन मंडल अधिकारी तेन्दूखेड़ा रेखा पटैल एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी तेन्दूखेड़ा मेघा पटैल एवं वन स्टाफ तेन्दूखेड़ा द्वारा ÷वन्यप्राणी हमारे राष्ट की धरोहर है इनके संरक्षण एवं सवर्धन में सहयोग करें÷ अभियान चलाया गया। जिसके तहत वनमंडल अंतर्गत वन क्षेत्रों में जगह-जगह वृक्षों में सकोरा बांधकर पक्षियों के लिये पानी एवं दाना की




व्यस्था की गई तथा वन्यप्राणियों की पेयजल व्यवस्था हेतु पहले से निर्मित सोसर की साफ-सफाई कराकर टेंकरों से पानी भरवाया गया। इस प्रकार मिशन लाईफ अंतर्गत वन्यप्राणियों के संरक्षण के लिये वनमंडल दमोह सामान्य अंतर्गत वन परिक्षेत्र दमोह, वन परिक्षेत्र हटा, वन परिक्षेत्र सगौनी, वन परिक्षेत्र सिंग्रामपुर, वन परिक्षेत्र तेजगड़, वन परिक्षेत्र झलौन, वन परिक्षेत्र तेन्दूखेड़ा, वन परिक्षेत्र तारादेही एवं गेम परिक्षेत्र सिंगौरगड़ में विभिन्न कार्य किये जा रहे है। इसके साथ ही दमोह वनमंडल अंतर्गत समस्त वन परिक्षेत्रों में मिशन लाइफ अभियान अंतर्गत 22 मई 2023 को अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस मनाया गया जिसमे स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों में बड़-चड़कर भाग लिया तथा पर्यावरण जीवन शैली की शपथ ली।

# वन विभाग के साथ टास्क फोर्स की बैठक आयोजित




श्री सम्पादक महोदय
...
को रखी गयी है। समय 11:30 बजे से 04 बजे तक।
समस्त क्षत्रिय खंगार समाज बंधु सादर आमंत्रित है।
खंगार क्षत्रिय समाज विकास संघ
गढ़कुण्डार जिला निवाड़ी
जिला प्रभारी शिवपुरी (म.प्र.)

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

शिवपुरी, /संभागायुक्त दीपक सिंह ने शिवपुरी जिले का भ्रमण किया और इस दौरान कई विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। रविवार को फॉरेस्ट के अधिकारियों के साथ बैठक की और कूनो और माधव नेशनल पार्क की गतिविधियां आदि के संबंध में समीक्षा की। बैठक में बैठक में एडीजी पुलिस, प्रोजेक्ट डायरेक्टर उत्तम कुमार शर्मा,मुख्य वन संरक्षक रमेश गणावा, शिवपुरी सर्किल, कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया, डीएफओ पालपुर कूनो प्रकाश कुमार वर्मा एवं डीएफओ चौहान उपस्थित रहे। श्योपुर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक गूगल मीट के माध्यम से जुड़े।कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों को खुले वन क्षेत्र में छोड़े जाने पर राजस्व ग्राम, कस्बा एवं शहरी क्षेत्र में आने पर सुरक्षा व्यवस्था की योजना, कूनो राष्ट्रीय उद्यान के बाहर स्थित गांव में जन जागरूकता, पर्यटन विकास के लिए की गई कार्यवाही, कूनो राष्ट्रीय उद्यान से सटे ग्राम में मोंगिया एवं सहरिया जनजाति के विकास हेतु किए गए कार्य की जानकारी के संबंध में श्योपुर कलेक्टर से चर्चा की। इसके अलावा माधव राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत बलारपुर माता मंदिर में होने वाले आयोजनों की व्यवस्था और माधव राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत कोरिडोर क्षेत्र में मुआवजा हेतु शेष परिवारों के विस्थापन की प्रगति की समीक्षा की गई।संभागायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि बलारपुर मंदिर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जनप्रतिनिधिगण और ग्रामीणों के साथ बैठक करके निर्णय लें और वर्ष भर समय-समय पर जो आयोजन होते हैं उनकी लिस्ट तैयार करें जिससे आयोजन के समय प्रशासन और वन विभाग को जानकारी रहे और आवश्यक कार्यवाही भी की जा सके। विस्थापितों के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि नेशनल पार्क में विस्थापन की कार्यवाही पूरी की जाए और लोगों को मुआवजा राशि दी जाए।

# खंगार परिहार समाज की मीटिंग रखी गई शिवपुरी चिंताहरण मंदिर बडा हर्ष का विषय है खंगार छत्रिय

संवादाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट

**समाज के लोगों से से निवेदन है कि समाज की एक मीटिंग रखी जा रही है जिसमें सभी समाज बंधुओं से विनम्र निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर के मीटिंग को सफल बनाएंऔर समाज के द्वारा ही समाज का जिला अध्यक्ष का चयन किया जाएगा सर्व समिति सेस्थान श्री चिंता हरण मंदिर हनुमान जी महाराज का जिला स्तर शिवपुरी मेंदिनांक 4 |6 |2023 वार रविवार कोसभी समाज बंधुओं का स्वागत वंदन अभिनंदन जय गजानन माई कीजय महाराजा खेत सिंह खंगार**

# पुलिस थाना तेंदुआ द्वारा चोरी के मामले का खुलासा करते हुये एक चोर को किया गिरफ्तार चोरी गया माल किया बरामद

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-दिनांक 28.05.23 को फरियादी अमर सिंह कुशवाह पुत्र गुलाब कुशवाह उम्र 40 साल निवासी ग्राम राजगढ ने थाना तेंदुआ पर किया कि दिनांक 27.05.2023 के रात करीबन 10 बजे रोजाना की तरह वह अपने परिवार सहित दरवाजा पर ताला लगाकर घर के छत पर सोने के लिये चला गया था । दिनांक 28.05.2023 के सुबह करीब 05 बजे वह उठा तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा पडा था घर के अन्दर रखे बक्शे का ताला भी टूटा पडा था उसने अपने बक्से में रखे सामान को देखा तो एक करधोनी चांदी की, गजरे चांदी के तीन जोडी बिछिया चांदी की, सोने का ताबीज पुराने इस्तेमाली तथा नगदी 10000 रूपये को रात में ताला तोडकर कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया । उक्त रिपोर्ट पर से थाना तेंदुआ पर अपराध क्रमांक 61/23 धारा 457,380 ताहि0 कायम कर विवेचना में लिया गया

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा घटना को गंभीरता से लेतु हुये घटना का खुलासा कर आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशों के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी कोलारस श्री विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में उक्त घटना एवं अन्य अपराधियों की पतारसि चोरों को पकड्ने के लिये अभियान चलाया जा रहै है, जिसके तहत विवेचना के दौरान थाना तेंदुआ पुलिस की टीमें बनाकर आरोपियों की तलास की गई एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । पुलिस द्वारा घटना स्थल को डॉग स्काव्ड द्वारा सर्च कराया गया एवं सायबर सैल की मदद से संदेहियों की तलाश की गई, जिसके आधार पर कुछ लोगों को संदेही के रूप में चिन्हित कर पूछताछ की गई, जिनमे से आरोपी प्रकाश पुत्र प्रीतम जाटव उम्र 35 साल निवासी बैराड हाल बडौदी शिवपुरी को चिन्हित कर पूछताछ की गई । पुलिस द्वारा पूछताछ मे उक्त आरोपी द्वारा अपने साथियों के साथ अपराध कारित करना स्वीकार किया है । पुलिस द्वारा आरोपी से चोरी गये चांदी के बिछिया, सोने की गले की ताबीज



एवं रकम तीन हजार रुपयें तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाईकिल को जप्त किया गया हैं । शेष माल अन्य आरोपियों के पास होना बताया गया है । आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है जिसपर विभिन्न थानों में कई धाराओं मे अपराध पंजीबद्ध हैं, जो निम्नप्रकार है 1.अप.क्र. 278/04 धारा 302 भादवि थाना बैराड, 2.अप.क्र. 35/07 धारा 395 भादवि 11,13 एमपीडीपीके एक्ट थाना छर्च , 3.अप.क्र. 149/08 धारा 457,380 भादवि थाना बैराड 4.अप.क्र.150/08 धारा 34(2) आबकारी एक्ट थाना बैराड, 5.इस्त.क्र. 46/08 धारा 41(2),110 सीआरपीसी ,6अप.क्र. 493/10 धारा 379 भादवि थाना कोतवाली शिवपुरी 7.अप.क्र. 133/11 धारा 394 भादवि एवं 11,13 एमपीडीपीके एक्ट थाना कोलारस 8.अप.क्र. 127/14 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट थाना बैराड 9.अप.क्र. 37/22 धारा 420,406,120-बी भादवि थाना खातौली जिला कोटा ग्रामीण राजस्थान हैं । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा इस तुरत कार्यवाही कर घटना का खुलासा करने वाले कर्मचारियों को पुरूस्कृत करने की घोषणा की गई है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि.मनीष सिहं जादौन,का.उनि लाखन सिंह सिसौदिया,का.प्रआर 773 जीतेन्द्र सोनी,आर.1063 शिववीर सेंगर, आर.883 अनूप जाट, आर.1001 पवन जाट,आर.659 विक्रम बाजौरिया की अहम भूमिका रही

# पर्यावरण को सुरक्षित रखने में साइकिल की अहम भूमिका...






**केशब पंडित जी अम्बाह**

**अम्बाह.।**पीजी कॉलेज अंबाह में रासेयो इकाइयों द्वारा 3 जून 2023 को विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिवराज सिंह तोमर ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की दृष्टि से साइकिल सुरक्षित वाहन है। इससे शरीर का व्यायाम होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है इस दिवस को मनाने का उद्देश्य वातावरण को प्रदूषण से मुक्त करना और स्वस्थ समाज का निर्माण करना है। साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । रैली नगर के मुख्य मार्गो से भ्रमण करती हुई महाविद्यालय पहुंची । रैली में रासेयो जिला संगठक डॉ शशि बल्लभ शर्मा एवं कार्यक्रम अधिकारी पंकज भदौरिया डॉ रक्षा कम्ठान ,डॉ पूर्णिमा अग्रवाल, स्वयंसेवक आशुतोष, पीयूष शर्मा धर्मेंद्र कुलदीप राठौर ,पल्लवी शर्मा दिव्या ओझा नितिन सिंह अमन जाटव अमन शर्मा आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

# नेता प्रतिपक्ष डा गोविन्द सिंह की अगुवाई में सरपंच समेत एक दर्जन लोग कांग्रेस में हुए शामिल

## मुख्यमंत्री की पाप की नाव में छेद हो चुके है :गोविन्द सिंह

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** नेता प्रतिपक्ष डा गोविंद सिंह की अगुवाई में दबोह क्षेत्र के फरदुआ गांव में ग्राम पंचायत की सरपंच राधा शर्मा के साथ एक दर्जन भाजपा समर्थक कांग्रेस पार्टी की विचाराधारा से प्रभावित होकर नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह के समक्ष कांग्रेस पार्टी मे शामिल हुए।इस मौके पर लहार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा राजू मोलिया ने भाजपा समर्थक लोगो को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई।जिसमें सरपंच राधा शर्मा के साथ रमाकांत शर्मा एडवोकेट,अशोक उपाध्याय प्रेमनारायण शर्म,भगमंथ पाल,जगमोहन शर्मा,ब्रजकिशोर शाक्य,ग्याशी



शाक्य,रमेश दुबे,फूपराम शाक्य,रामलखनशाक्य,मानसिंह पाल,भगवानसिंहपाल,उदयसिंह परिहार,संतोष राठौर आदि लोग शामिल है।इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविन्द सिंह ने कहा मुख्यमंत्री



शिवराज सिंह चौहान की नाव में छेद हो चुके है।अब नाव डूब रही है इसलिए घोषणाओं का अंबार लगा रहे है।सरकार का खजाना खाली कर चुके है पूरे देश में सर्वाधिक मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान की घोटाले की सरकार साबित हुई है।जनता ने मन बना लिया है चारो तरफ कांग्रेस पार्टी की लहर चल रही है।जिससे भाजपा के लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे है।कांग्रेस पार्टी की सरकार में प्रति माह महिलाओं को बिना किसी शर्त के 1500 रुपए मिलेंगे।गैस सिलेंडर 500 रुपए में,100 यूनिट बिजली फ्री,200 यूनिट पर आधा बिजली बिल बसूला जायेगा।बंदूक का लाइसेंस दस साल में एक बार रिन्यू करने की सुविधा मिलेगी।इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष नरेश सिंह चौहान।वरिष्ठ नेता केशव सिंह राजावत,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामकुमार त्रिपाठी,उपाध्यक्ष हाकिम सिंह चौधरी,जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रमा शंकर सिंह चौधरी आदि लोग मौजूद रहे

# अटेर विधानसभा के ग्राम परा में होगा विधानसभा स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** अटेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम परा में समाजसेवी संगठन श्री ग्रुप द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा। इस टूर्नामेंट में अटेर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव की टीमें हिस्सा ले सकेंगी। यह टूर्नामेंट व विधानसभा स्तर पर आयोजित होगा। टूर्नामेंट का आयोजन 07 जून को होगा जिसका समापन 25 जून 2023 को होगा। अटेर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले किसी भी ग्राम पंचायत की टीमें इसमें हिस्सा ले सकेंगी प्रतिभागी टीम को श्री ग्रुप समाज सेवी संगठन के सदस्यों के पास जाकर फॉर्म भरना होगा जिसका शुल्क 18500 प्रति टीम



होगा। श्री ग्रुप समाज सेवी संगठन द्वारा पहली बार इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। श्री ग्रुप समाज सेवी संगठन के जोशी ने बताया कि इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करने का मुख्य कारण खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाना है। टूर्नामेंट3 के अंतिम दिन पुरस्कार वितर होगा जिनमें प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार, तृतीय पुरस्कार सहित मैन ऑफ द मैच जैसे नगर पुरस्कारों के साथ खिलाड़ियों का सम्मान भी किया जाएगा।अटेर रोड स्थित गोविंद वाटिका में नमो जोशी के नेतृत्व में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, इस दौरान अमित भदौरिया, आशीष पाराशर, आशीष जोशी, विवेक कटारे, राजीव मिश्रा, अंकित भारद्वाज, मनीष राठौर उपस्थित रहे।

# पति की लंबी उम्र परिवार की सुख समृद्धि की कामना से वट सावित्री व्रत उपवास रखा जाता है

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

टांडा बरूड़ निप्र ग्राम एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में शनिवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र एवं परिवार में सुख समृद्धि की कामना से वट सावित्री का व्रत उपवास कर वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर कच्चे सूत के धागे से 7 बार परिक्रमा कर वट के पेड़ को लपेटा गया साथ ही आम कैरी और चने की दाल का भोग लगाया जाता है सुनीता कुमरावत एवं हेमलता कुमरावत ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि यह व्रत सती सावित्री ने अपने पति के प्राण यमराज से बचाने हेतु यह व्रत किया था तभी से यह व्रत करने की प्रथा चली आ रही है यह पूजा पुलिस थाना नया एवं पुराना परिसर बरूड़ स्थित वट वृक्ष पर की जाती है घर पर आकर बड़े बुजुर्ग के पैर छूकर आशीर्वाद लिया जाता है साथ ही पति को तिलक कर पैर चुने जाते हैं साथ ही पके आम और चने की दाल दान स्वरूप सासू मां अपनी ननंद को दी जाती है इस अवसर पर बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं थाना परिसर में पूजन अर्चन करने पहुंची आज सुबह से ही महिलाओं की भीड़ देखी गई यह पर्व हर वर्ष मनाया जाता है उक्त जानकारी हमारे सहयोगी पत्रकार प्रेम कुमरावत के द्वारा दी गई

# भाजपा राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुंध एवं राज्यसभा सांसद गीता शाक्य आज भिण्ड आएंगी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय प्रदेश नेतृत्व के मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव एवं 2024 के लोकसभा चुनाव को दृष्टिकोण रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश भर में चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुंध, एवं उत्तर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद गीता शाक्य अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत 4 जून को भिण्ड आएंगे। जहां भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित इस संगठनात्मक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उनके साथ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष क्षेत्रीय सांसद संध्या राय, प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, लोकसभा कार्यक्रम प्रभारी संभागी मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष दर्जा कैबिनेट मंत्री प्राप्त शैलेंद्र बरुआ रहेंगे।भाजपा जिला कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह





नरवरिया ने बताया कि राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुध, एवं राज्यसभा सांसद गीता शाक्य 4 जून को ग्वालियर से भिण्ड के लिए संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए ग्वालियर से सुबह 9 बजे भिण्ड रवाना होंगे। 12= 30 सर्किट हाउस पहुंचेंगे जहां पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। दोपहर 1 शहर के संस्कृति मैरिज गार्डन में लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सोशल मीडिया पर काम कर रहे पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। दोपहर 2=15 बजे पूर्व सांसद प्रतिनिधि जैन समाज के प्रमुख स्तंभ वार्ड क्रमांक 5 दिनेश चंद्र जैन मामा के निवास स्थान अहिंसा चौक खंडवा रोड पर पहुंचेंगे, 2= 45 बजे पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व पार्षद धनीराम शार्क के निवास स्थान धर्मपुरी पहुंचेंगे। 3= 30 बजे विधानसभा क्षेत्र मेहगांव के मंडल मंडल गोरमी के वार्ड क्रमांक 14 में डॉ दीपक जैन के निवास स्थान पर पहुंचकर संपर्क समर्थन अभियान के तहत कार्यक्रम में शामिल होंगे। 3 = 45 बजे गोरमी से जिला मुरैना के लिए प्रस्थान करेंगे वहां महा जनसंपर्क अभियान के तहत कार्यक्रम में शामिल होंगे।श्री नरवरिया ने बताया कि सोशल मीडिया पर काम कर रहे भिण्ड और दतिया दोनों जिले के कार्यकर्ता संस्कृति गार्डन में पहुंचेंगे जहां 12 बजे पंजीयन किया जाएगा उसके बाद 1 बजे सोशल पर काम कर रहे कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। उन्होंने सभी अपेक्षित सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है

# लाड़ली बहना योजना का स्वीकृति पत्र पाकर महिलाएं दिखीं प्रसन्न मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुदृड़ करने और महिला सशक्तिकरण को बढॉवा देने के लिए लाड़ली बहना योजना प्रारंभ की है। गत दिनों गांव-गांव तथा शहरी वार्डो में कैम्प आयोजित कर महिलाओं से लाड़ली बहना योजना के आवेदन फॉर्म भरवाए गए। आवेदन की समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर अब पूरे प्रदेश में महिलाओं को लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। प्रदेश के साथ ही भिण्ड जिले



में भी कार्यक्रम आयोजित कर एवं पात्र महिलाओं के घर-घर जाकर लाड़ली बहनों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का स्वीकृति पत्र पाकर महिलाओं ने प्रसन्नता जाहिर कर कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत् हमें प्रतिमाह एक हजार रूपए की राशि प्रदान की जाएगी। इस राशि से हम अपनी आवश्यक जरूरतों को पूरा कर पाएंगे। सभी लाड़ली बहनों के हित में चलाई गई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया।

# बिजली विभाग किसी हादसे का कर रहा है इंतजार

**संतोष सिंह भदोरिया**
**दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़**

**भिंड** /गोरमी से पांच किलोमीटर दूर कुटरौली गांव का मजरा पूर्व सरपंच किशन सिंह भदौरिया के पूरा पर बिजली विभाग की लापरवाही के कारण बिजली के ओपन वायर या यूं कहें कि नंगे तार आवास के सामने से मात्र 10 मीटर की दूरी से वह भी दोनों नीम के पेड़ों के बीच से मात्र सात ड़ीट की ऊंचाई से गुजरी है जिससे आए दिन जान माल का खतरा बना रहता है और आवाज के लोग डरे और सहमे रहते हैं क्योंकि उनको लगाता है पता नहीं किस पल तार टूट कर उनके सर पर या मवेशी पर कहीं गिर ना जाए जिसके कारण कोई बड़ा हादसा ना हो जाये इसके बारे में गोरमी बिजली विभाग व कचनाव ड़ीटर पर भी कई बार आवेदन दिया जा चुका है द्य इस लाइन को या तो ऊंचा किया जाए या फिर कोई सुरक्षा के इंतजाम किया जाए, या फिर इस लाइन को हटाकर आवास से पीछे होकर जहां पर खाली जगह है वहां से निकाली जाए लेकिन गोरमी बिजली विभाग के कर्मचारियों का लापरवाही का आलम देखो उनके कानों में जूं तक नहीं रेंगी है नाही अभी तक कोई एक्शन लिया गया है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि शायद बिजली विभाग किसी हादसे का इंतजार कर रहा है क्योंकि आवास में बच्चे भी खेलते हैं बड़े बुजुर्ग भी बैठ रहे हैं मवेशी भी नीचे ही रहती है द्य कहीं कुछ अगर हादसा हो जाता है तो उस हादसे का जिम्मेदार कौन होगा

## महाकाल लोक घोटाला शिवराज सरकार का सबसे बड़ा पाप : देवाशीष जरारिया

# बिना जांच किये ही घोटालेबाजों को क्लीनचिट देकर शिवराज सरकार ने खुद को घोटाले का सूत्रधार साबित किया,महाकाल लोक का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया था, लेकिन घोटाले पर उनकी चुप्पी उनकी भूमिका पर भी सवाल खड़े करती है

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

### महाकाल लोक में हुये घोटाले की उच्च स्तरीय जांच हाईकोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश से करायी जाये

**भिण्ड ।** जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि जब पापियों के पाप का घड़ा भर जाता है, तो भगवान स्वयं माया रचकर पाप का भंडाफोड़ कर देते हैं, बीते रविवार उज्जैन के महाकाल मंदिर परिसर में भी ऐसा हुआ प्रतीत होता है। उस दिन 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली जिसे विज्ञान की भाषा में तेज आंधी या तूफान नहीं माना जा सकता, फिर भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटन किये गये महाकाल लोक की भ्रष्टाचार से बनायी गई मूर्तियां गिर गयी। श्रद्धालु जानते हैं कि इससे हिन्दुओं की आस्था के केंद्र भगवान महाकाल के विग्रह और मुख्य मंदिर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, महाकाल की कृपा से शिवराज मामा के भ्रष्टाचार का भंडाफोड़ जरूर हो गया।अक्टूबर 2022 में जब प्रधानमंत्री ने महाकाल लोक का उद्घाटन किया था, तो झूठ की राजनीति करने वाली भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को श्रेय देने से पूरी तरह इंकार कर दिया था। लेकिन अब जब बजरंगवली के भक्त कमलनाथ की सेवा से प्रसन्न होकर पवन पुत्र श्री हनुमान जी ने हवा चलाकर कर सारी सच्चाई उजागर कर दी। शिवराज सरकार के मंत्री भूपेन्द्र सिंह को अपने पाप छुपाने के लिए प्रेसवार्ता करके यह बताना पड़ा कि महाकाल लोक के भव्य निर्माण का संकल्प कमलनाथ का था । इसी प्रेसवार्ता में मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने कोई भ्रष्टाचार नहीं किया है और इस बात को उन्होंने जोर देकर पत्रकारों से कहा।पत्रकार वार्ता में देवाशीष जरारिया ने कहा कि महाकाल लोक घोटाले में भाजपा के कारनामों को मप्र की जनता तक लेकर आये हैं। सिलसिलेवार इन तथ्यों को जानने पर सबको पता चल जायेगा कि महाकाल की महिमा का भव्य निर्माण करने का संकल्प कमलनाथ का ही था और महाकाल लोक के नाम पर खुद का प्रचार करने और जमकर घोटाला करने का संकल्प कमीशनराज मामा का था।

**महाकाल लोक में हुये घोटालों के तथ्य इस प्रकार हैं** -दिनांक 4 सितम्बर 2018 को निविदा क्रमांक 52/ यूएससीएल 1819 तत्कालीन शिवराज सरकार ने योजना बनायी, जिसकी अनुमानित लागत 97 करोड़ 71 लाख रुपये थी।कमलनाथ सरकार के आने के बाद कमलनाथ ने इस राशि को अपर्याप्त मानते हुये इस राशि को बढ़ाकर 300 करोड़ रु. स्वीकृत किये कार्यादिश 7 मार्च 2019 को कांग्रेस सरकार द्वारा जारी किया गया।एफआरपी की प्रतिमाओं की मजबूती हेतु आंतरिक लोहे का ढांचा बनाया जाता है, जो महाकाल लोक की प्रतिमाओं में नहीं बनाया गया। प्रतिमाओं के निर्माण में उपयोग की जाने वाली नेट की मोटायी 1200 से 1600 ग्राम जीएसएम की होना चाहिए, किंतु महाकाल लोक में स्थापित की गई प्रतिमाओं में 150 से 200 ग्राम जीएसएम



की ही चाईनीज नेट उपयोग की गई।प्रतिमाओं को बिना बेस (फाउंडेशन) के 10 फीट ऊंचे पेडिस्टल पर सीमेंट से जोड़ा गया। इसी कारण 30 किलोमीटर प्रतिघंटे की हल्की रफ्तार से चली हवा में ही प्रतिमाएं गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई। निविदा की शर्त क्रमांक 2 जो कि पृष्ठ क्रमांक 107 पर अंकित है, में स्पष्ट निर्देश हैं कि मूर्तियों की गुणवत्ता की जांच हेतु कार्यस्थल पर ही प्रयोगशाला स्थापित करनी होगी, जो कि नहीं की गई। यदि इस्तेमाल की जाने वालीसामग्रियों का परीक्षण प्रयोगशाला में किया जाता तो प्रतिमाएं न ही गिरती और न ही खंडित होती।दिनांक 11 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकाल लोक का आनन- फानन में उद्घाटन किया और घोषणा की थी कि ये मूर्तियां न कभी गिरेंगी और न ही कभी बदरंगी होगीं।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दावे को चुनौती देते हुये ठीक एक माह बाद दिनांक 24 नवम्बर 2022 को स्मार्ट सिटी प्रशासन ने पीयू कलर्स बेदरकोट प्रायमर आदि का 96 लाख रू. का टेंडर निकाला, जबकि उक्त मूर्तियां तीन वर्ष की गारंटी अवधि में थीं।मूर्तियों के इतने कम समय में बदरंग होने की बजह निविदा शर्त के अनुसार मूर्तियों की घिसाई न होना और प्रायमर तथा वेदरप्रूफ पीयू रंग का पर्याप्त इस्तेमाल न होना है। मूर्तियों में जब साधारण रंग लगाया जाता है तभी वे बदरंग होती हैं। अब सवाल यह उठता है कि 24 नवम्बर 2022 के टेंडर के माध्यम से खरीदी गई सामग्री कहां गई। उसका उपयोग क्यों और किसलिए नहीं हुआ और क्या उक्त्त टेंडर के माध्यम से कागजी खरीदी की गई, यह जांच का विषय है।उज्जैन शहर में ही एक ही तरह की एक ही ठेकेदार द्वारा लगायी गई मूर्तियों के निर्माण की लागत में व्यापक अंतर सामने आया है। उज्जैन के स्थानीय सिंधी समाज द्वारा 25 फीट ऊंची मूर्ति का निर्माण 4 लाख 11 हजार रुपये में करवाया गया। जबकि महाकाल लोक में 15 फीट ऊंची प्रतिमा का भुगतान 10 लाख 2 हजार रू. किया गया। साधारण गणित के आधार पर 15 फीट ऊंची प्रतिमा की कीमत अधिकतम 3 लाख रू. होना चाहिए।कायदिश की शर्त क्रमांक 2 के अनुसार प्रतिमाओं की डीएलपी (डिफेक्ट लायवेटी पीरीयड) तीन वर्ष होने के कारण क्षतिग्रस्त मूर्तियों को महाकाल लोक के एक कोने में रिपेयर किया जा रहा है। जबकि खंडित मूर्तियों को धर्मक्षेत्र में स्थापित करना वर्जित माना जाता है।

**उज्जैन कलेक्टर द्वारा पांच**- सात दिनों में ही मूर्तियों की पुर्नस्थापना की घोषणा की गई, जिससे स्पष्ट है कि खंडित मूर्तियों को ही जोडतो् कर पुर्नः स्थापित किया जायेगा।

महाकाल लोक के लोक की भव्यता जिसे कमलनाथ आध्यामिक पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनाना चाहते थे, की आड़ में वर्तमान भाजपा सरकार ने दर्शनार्थियों से कई प्रकार के शुल्क वसूलकर महाकाल मंदिर में ही अव्यवस्थाओं का बोलवाला कर दिया है। आम श्रद्धालु जिससे अपने आप को ठगा महसूस करता है।एक महिला महामण्डलेश्वर के साथ भस्म आरती के दौरान बदसलूकी हुई जिस कारण उन्हें प्रेसवार्ता लेकर भविष्य में भस्म आरती में न आने का संकल्प लेना पड़ा। प्रशासन की इस मनमर्जी से महाकाल महत्म्य का भी नुकसान हुआ है। रात्रि 10 बजे के बाद श्रद्धालु मंदिर में प्रवेश नहीं कर पाते। स्थानीय श्रद्धालु लंबे समय से अपने लिये अलग दर्शन की व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।श्री कुशवाह और श्री जरारिया ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता में मांग करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की मांग के अनुसार हाईकोर्ट के किसी वर्तमान न्यायाधीश से महाकाल लोक घोटाले की उच्च स्तरीय जांच करायी जाये, ताकि अपराधियों और पापियों को दंड दिया जा सके और सनातन धर्म को मानने वाले प्रदेश के जनमानस की आस्था को पहुंची चोट पर मरहम लगाया जा सके। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से डॉ. अनिल भारद्वाज,मनोज देपुरिया आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छता के सहयोगी बने जिससे स्वच्छ रहेगा कस्बा एवं शहर





**दैनिक पुष्पांजली टूडे
मालनपुर संवाददाता
पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के तहत मालनपुर नगर परिषद मीटिंग हॉल में स्वच्छता चौपाल का आयोजन की गई मुख्य अतिथि के रूप में स्वच्छता मेंटर एवं अथ युवा फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉक्टर देवेंद्र दांगी ने बताया कि स्वच्छता व्यवहार में उतरे तो हर शहर हर कस्बा स्वच्छ हो सकता है। स्वच्छता दीदियों और भाइयों के योगदान को सराहते हुए कहा कि हमें इन स्वच्छता सेनानियों को नमन करना चाहिए जो हर दिन हमारी गंदगी को समेटते हैं । जिनकी वजह से हमारा शहर साफ होता है , पर हमें इनका सहयोगी बने की जरूरत है और वो सहयोग होगा कि हम कचरे को सार्व जनिक स्थान पर न फेंके, स्वच्छता एक अच्छी आदत है और यदि हम एक अच्छी आदत शुरू कर दें तो हमारे जीवन में समृद्धि सेतु बन सकता है। स्वच्छता को जन क्रांति बनाने की जरूरत है हर व्यक्ति को ये समझना पड़ेगा की स्वच्छता व्यक्तिगत दायित्व है। जैसे नागरिक जागृत होने लगेंगे शहर स्वच्छ होने लगेगा । और उन्होंने बताया कि जब समाज के हर वर्ग को गंदगी खटकने लगेगी तो लोग खुद ब खुद स्वच्छता प्रहरी बनने लगेंगे । अपने आसपास सफाई रखें जिससे अनेकों प्रकार की बीमारियों से निजात मिलेगी और सुंदर व स्वच्छ घर द्वार लिखेगा इस चौपाल में उपस्थित रहे नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश सिंह किरार, सी एम ओ मनोज कुमार शर्मा, पटवारी संजय शर्मा, नगर पालिका इंजीनियर प्रशांत, राजस्व विभाग हरपाल सुमन, सूरज परमार, बृजेश सिंह, मोहर सिंह,आदि सफाई कर्मचारी मौजूद रहे

## ना हुई वर्षा इस बार ना ही उपलब्ध कराए गए पौधे, तो क्या केवल कागजों में होगा इस बार वृक्षारोपण

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक
पुष्पांजली टुडे**

**भिंड-** गोहद। प्रति वर्ष की भांति विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को संपूर्ण विद्यालयों में वृक्षारोपण होना है इस संबंध में अधिकारियों द्वारा आदेश भी जारी किए गए हैं और वृक्षारोपण के बाद बाय दूत एप पर वृक्षारोपण के फोटो अपलोड करने की बात भी कही गई है परंतु विचारणीय बात यह है की वर्षा न होने से न तो कहीं वृक्षारोपण का माहौल है और न किसी प्रकार की पूर्व तैयारियां हैं केवल हवा हवाई आदेश जारी हो रहे हैं यहां तक की जिस जनपद कार्यालय द्वारा समस्त


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला भिण्ड (म.प्र.)

निर्देश करते हुए वृक्षारोपण की विद्यालयों एवं शिक्षकों को बात कही गई है उसके द्वारा न तो यह बताया गया है के संबंधित विद्यालयों में लगने वाले पौधे कहां से उपलब्ध होंगे और कब उपलब्ध होंगे ऐसी स्थिति में जो पौधे ही उपलब्ध नहीं है और पूर्व में किसी प्रकार की तैयारियां नहीं है तो किस प्रकार से वृक्षारोपण होगा यह विचारणीय है यहां तक कि पत्र में इस बात का भी उल्लेख नहीं किया गया है वृक्षारोपण किस समय होगा इस प्रकार से पर्यावरण दिवस एक प्रकार से हवा हवाई होगा इस संबंध में प्रशासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों को पूर्व तैयारियों के संबंध में विचार करने की आवश्यकता है।

## ग्राम सिरवेल महादेव में हुआ नारी सम्मान सम्मेलन





**खरगोन जिले से मुन्ना खान**

भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक केदार डावर पहुंचे सिरवेल महादेव उनके साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाइक प्रदेश कांग्रेस सचिव गोविन्द मुज्लदे स्थानीय नागरिक गण सरपंच गण नारी सम्मान सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंच कर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन माता बहने उपस्थित रहे क्षेत्रीय विधायक केदार डावर एवं खरगोन जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाइक प्रदेश सचिव गोविन्द मुज्लदे द्वारा ग्रामीणों से विस्तृत रूप से चर्चा की भगवानपुरा कांग्रेस मंडल के कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे क्षेत्रीय विधायक केदार डावर द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र का लगातार दौरा किया जा रहा है प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस मध्यप्रदेश के निर्देश पर नारी सम्मान योजना कार्यक्रम किया जा रहा माता बहनों द्वारा भी फार्म भरे जा रहे हैं

### मनीष राठौड़ ने जीता गोल्ड मेडल

## मनीष राठौड़ ने समाज का नाम किया रोशन

**पुष्पाजंली टुडे**

पुणे :मनीष राठौड़ पुत्र वजाराम माता श्रीमती जतनो बाई सीरवी वर्तमान कोथरुड, पुणे मूलनिवास/गांव किशनपुरा,वाया नाड़ोल, देसूरी,पाली ने सूर्यदत्त इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में एमसीए प्रथम वर्ष के छात्र मनीष राठौड़ ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी रोलबॉल नेशनल जीता है। चैंपियनशिप इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय की रोलबॉल टीम का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता 17 से 20 मई 2023 तक उत्तरी



विश्वविद्यालय, बैंगलोर, कर्नाटक में आयोजित की गई थी। सूर्य दत्त सूर्य दत्त एजुकेशन फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. डॉ। संजय बी. चोरडिया ने मनीष राठौड़ को हार्दिक बधाई दी।इस उपलब्धि पर मनीष राठौड़ को चेत बंदे पत्रिका परिवार राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति सीरवी समाज डॉट कॉम परिवार व अखिल भारतीय सीरवी समाज की ओर से बहुत बहुत हार्दिक बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।। गर्व का पल।।ये जानकारी स्मार्ट बाजार के प्रमुख शंकर काग द्वारा दी गई।

### वोपारी ग्राम में आईमाता मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

## बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कार भी दें : संत कृपाराम





**पुष्पाजंली टुडे
नारायणलाल सेंणचा**

सोजत : ग्राम निकटवर्ती वोपारी में नवनिर्मित आईमाता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा-महोत्सव के तहत पांचवे दिन संत कृपाराम ने आह्वान किया कि बच्चों को भौतिक सुविधाओं तथा कार, बंगले के साथ संस्कारवान शिक्षा जरूर दें। हमारे बच्चों को श्रीराम जैसा आज्ञाकारी बेटा व एक अच्छा संस्कार वान व्यक्ति बनाना है तो बच्चों को संस्कारवान शिक्षा देना आज के युग की मांग है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में रहने की कला भारतीय संस्कृति सिखाती है। वसुदेव कुटुंबकम की भावना केवल और केवल भारत ही रखता है। कथा संस्कारों को सींचने का कार्य करती है। संस्कार ही जीवन के आधार है। प्रत्येक बच्चे को मां-बाप व अपने से बड़ों के चरण स्पर्श करना चाहिए। मां का सम्मान ही भगवान का सम्मान है। कथा में भगवान के अलग अलग रूप की झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया। कथा में श्रद्धालुओं ने नृत्य किया महोत्सव के तहत हवन यज्ञ का आयोजन किया गया ।बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति दी।शुक्रवार रात्रि भजन संध्या का आयोजन हुआ। भजन गायक कलाकार रमेश माली , मैना राव ने एक से बढ़कर एक मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झुमने पर मजबूर कर दिया ।जागरण में चढ़ावे की बोलियां बोली गई। रात्रि जागरण में समाज की बेटीयों ने शानदार नृत्य किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ग्राम बिरखड़ी में हर्षोल्लास के साथ श्री हनुमान जी टेकरी मंदिर में हुआ श्री मद भागवत कथा का भव्य शुभारम्भ

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक
पुष्पांजली टुडे**

**गोहद : भिंड।** जिले के तहसील गोहद के अंतर्गत ग्राम बिरखड़ी में दिनांक 3 जून 2023 से सुप्रसिद्ध श्री हनुमान जी टेकरी मंदिर पर भव्य श्री मद भागवत कथा का आरंभ कलश यात्रा से हुआ। उक्त श्री मद भागवत कथा वाचक पं. श्री मुकेश जी महाराज है तथा परीक्षित पं. श्री ओमप्रकाश शर्मा स्व. श्रीमती गीता देवी, पं. श्री मुरारी लाल शर्मा (दद्दा), श्रीमती सत्यवती शर्मा के द्वारा कराया जा रहा है एवम समस्त बिरखडी वासियों का हर्षपूर्ण सहयोग है। दिनांक 3 जून को आज भव्य कलश यात्रा में सभी ने सम्मिलित होकर इसे सफल बनाया। श्री मद भागवत कथा में कलश यात्रा के दौरान पं. श्री मुकेश जी महाराज ने इस भव्य उत्सव पर अपने विचार व्यक्त करते



हुए कहा की श्री मद भागवत कथा जगत कारिणी और मंगल करिणी है, जो भी सच्चे मन व हृदय से कथा का श्रवण करता है उसे मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग आसान होता है। जो भी कोई इस पवित्र कथा का श्रवण करता है उसका उद्धार निश्चित है तथा जिस किसी के पूर्व में बुरे कर्म हों उसको इस कथा के श्रवण से उन बुरे कर्म से मुक्ति मिलती है। यह कथा इतनी पावन है की इसके श्रवण से मनुष्य का भूत, भविष्य तथा वर्तमान तीनो के बुरे कर्मों से निवृत्त होकर सतमार्ग में मन लगता है तथा मनुष्य के उद्धार व मोक्ष के लिए मार्ग निश्चित होते है। श्री मद भागवत कथा का ग्राम बिरखड़ी में भव्य सुभारंभ बड़े हर्षोल्लास के साथ बिरखाड़ी वासियों ने किया है तथा सभी ने कलश यात्रा में भाग लेकर ये अत्यंत भव्यता प्रदान कर श्री मद भागवत कथा का शुभारंभ किया है। समस्त बिरखडी वासियों का निवेदन है कि यह कथा अत्यंत पवित्र और शांति प्रदायक है इसलिए सभी मानव जन को कथा सुनने के लिए आग्रह किया है।

## दो हज़ार करोड़ के शराब घोटाले के विरोध में गोहरापदर मंडल के भाजपाइयों ने शराब दुकान पहुँचकर किया धरना,प्रदर्शन रैली निकाल चिपकाया विरोध का पोस्टर

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गोहरापदर छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार के संरक्षण मे 2000 करोड़ के शराब घोटाले के विरोध मे भारतीय जनता पार्टी मंडल गोहरापदर के अंतर्गत ग्राम अमलीपदर में महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा के नेतृत्व मे आज दिनांक 3/6/ 2023 को बाजार स्थल से लेकर शराब भट्टी तक रैली व पोस्टर वार कर कांग्रेस सरकार के खिलाफ सांकेतिक रूप से धरना प्रदर्शन किया गया पदयात्रा कर शराब भट्टी पहुंच कर पोस्टर चिपका कर विरोध प्रदर्शन किया।इस दौरान उपस्थित युवा मोर्चा ज़िलाध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप ने कहा कि शराब बंदी का वादा करने वाली कांग्रेस सरकार तो बीते साढ़े 4 वर्षों से जनता से छलावा कर रही है लेकिन अब उनके काले चिट्ठे खुलने चालू हो गए हैं जाँच एजेंसी श्वष्ठ ने जब दो हज़ार करोड़ के घोटाले की पुष्टि की तो कांग्रेसियों ने उस पर भी सवाल करने शुरू कर दिए थे लेकिन आज के समय में प्रदेश सरकार ने कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं छोड़ा जहाँ पर भ्रष्टाचार ना हो रहा हों प्रदेश के हर हिस्से में आज भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा को पार कर चुका है और अभी तो सिर्फ़ 2 हज़ार करोड़ का घोटाला सामने आया है आने वाले समय में हमें इससे भी बड़े बड़े घोटालों की जानकारी मिलने वाली हैं।अजजा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य हलमन सिंह ध्रुवा ने कहा कि सरकार के भ्रष्टाचार को सामने लाने के लिए और जनता तक भ्रष्टाचारी सरकार के चेहरे का पर्दाफ़ाश करने के लिए सभी भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक शराब दुकान के सामने जाकर पोस्टर चिपका रहे हैं और इस सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर रहे रैली के माध्यम से जनता में जागरूकता लाकर सरकार को सबक़ सिखाने का आवाहन कर रहे हैं.भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने कहा कि 2000 करोड़ के शराब घोटाले के सामने आने के बाद जनता को यह पता चल चुका है कि कांग्रेसी और उनके



समर्थक श्वष्ठ का विरोध क्यों करते थे.सभी जानते है कि जब प्रवर्तन निदेशालय एक स्वतंत्र जाँच एजेंसी है तो उस पर इस प्रकार का लांछन लगाना एक दुर्भाग्य जनक बात है आज श्वष्ठ ने जब भूपेश सरकार का पर्दाफ़ाश कर दिया है उनके सारे भ्रष्टाचार के मामले धीरे धीरे करके सामने आने चालू हो गए है जनता सब देख रही है और 2023 के विधानसभा चुनाव में इस भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने को तैयार हैं।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व्दय रामरतन मांझी,हलमन सिंह ध्रुवा,महिला मोर्चा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य सुशीला बाई ध्रुवा,भाजयुमो जिलाध्यक्ष डां. योगीराज माखन कश्यप,भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी , महामंत्री तानसिंह मांझी,किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष निर्भय सिंह ठाकुर, सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक संजय दुबे, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक मनीष सिन्हा, पि.व.मोर्चा मंडल अध्यक्ष लम्बोदर साहू,उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेमराज मांझी,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रुति ध्रुवा मंडल महामंत्री विनीता यादव,निरासो बाई ,पार्वती बाई रायमनी बाई कपिल महंत कपिल डिलेश्वरी नेताम,भरत मिश्रा,अविनाश भोसले,मनोहर ताम्रकार,मोहन नागेश,कैलाश मरकाम,रूपसिंह मरकाम,कीर्तनराम यादव, दीपक सागर,मधुसूदन मांझी,करण सिंह मांझी,कुमार सिंह यादव,अरुण यादव,राजेंद्र यादव दीपक राकेश महंती दिनेश नागवंशी देवीसिंह नागवंशी देवराज सोम नितेश नागवंशी नरसिंह मांझी,रुपेश यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे

## ग्रामीणों कि समस्या सुनने आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव पहुँचे रत्नगर्भ के धरती पर



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

पुरे विश्व मे हिरे के नाम से प्रख्यात लोग आज भी मूलभुत सुविधा से है वंचित प्रदेश अध्यक्ष ने ग्रामीण कि समस्यों को दूर करने का दिया आश्वासन मैनपुरःछत्तीसगढ़ आदिवासी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जनक ध्रुव शनिवार को गरियाबंद जिले के अमीर धरती रत्नगर्भ ग्राम जांगड़ा पहुँचे आदिवासी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को अपने बीच पाकर ग्रामीण गदगद हो गये ग्राम जांगड़ा के ग्रामीणों ने आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव क्षेत्रीय समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि हमारे पैलिखंड मे निकलने वाली हीरा के नाम से पूरी दुनिया छत्तीसग? के गरियाबंद जिले को जानती है लेकिन विडंबना है कि इस अमीर धरती के गरीब लोग आज भी तंगहाली कि जिंदगी जी रहे है आज क्षेत्र मे पुल पुलिया ,बिजली, सड़क के समस्या बताई ग्रामीणों कि समस्या से अवगत होकर आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव ने कहा कि ग्रामीणों कि समस्या को वे प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अवगत कराकर जल्द से जल्द क्षेत्र कि समस्याओ को समाधान करने कि बात कही है इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ग्राम पंचायत सरपंच हेमंत नेताम उपसरपंच भानु सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री नेयाल नेताम, बिंद्रानवागढ़ विधानसभा युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष सामंत शर्मा, फडीन्द्र ठाकुर,जगबंधु सिन्हा ,दल्लूराम यादव,हुकुम सिंग देवनसी, ललित राम , सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित थे!

# रेल दुर्घटना में मारे गए लोगों के लिए मोमबत्तीया जलाकर शोक व्यक्त किया



भारतीय युवा कॉग्रेस के राष्ट्रीय सचिव मितेन्द्र दर्शन सिंह ने अपने सभी साथियों के साथ कल ओडिसा के बालासोर में हुई हृदय विदारक रेल दुर्घटना में मारे गए लोगों के लिए मोमबत्तीया जलाकर शोक व्यक्त किया शोक सभा बहोड़ापुर स्थित शील नगर के अम्बेडकर पार्क में रखी गई इस दौरान मितेन्द्र सिंह ने शोक संतृप्त परिवारों के लिए संवेदना व्यक्त की और कहा कि हम इन घटनाओं से सीखें और ऐसे काम करें कि भविष्य में दोबारा किसी परिवार को अपने घर के चिराग अकारण न खोने पड़ें सरकार से मांग करते हैं कि पीड़ितों को उचित मुआवजा एवं घर के एक सदस्य को नौकरी दी जाए

# सरकार उटीला की महिलाओं के खातों में हर माह लगभग 7 लाख रुपए भेजेगी: भारत सिंह

**ग्वालियर।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत अकेले उटीला गाँव में 686 महिलाओं को पंजीकृत किया गया है। प्रदेश सरकार हर माह लगभग 7 लाख रुपये उटीला ग्राम पंचायत की महिलाओं के खाते में भेजेगी।। मंत्री कुशवाह शनिवार को मुरार जनपद पंचायत के ग्राम उटीला में लाडली बहनाओं को स्वीकृति पत्र सौंपने के लिए पहुँचे थे।राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री



शिवराज सिंह चौहान देश के ऐसे पहले मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने पूरे राज्य की महिलाओं को अपनी बहन मानकर उनके रोड़मर्रा के खर्चे की चिंता की है। इस दिशा में प्रदेश सरकार ने ÷ मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना÷ शुरू कर महिला सशक्तिकरण के लिए क्रांतिकारी कदम उठाया है। मंत्री कुशवाह ने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं से कहा कि आप सबको सरकार हर महीने एक हड़ार रुपए प्रदान करेगी। इसके लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। धनराशि सीधे आपके खाते में पहुँच जाएगी। मंत्री कुशवाह ने सभी पात्र महिलाओं को लाडली बहना योजना से जोड़ने के लिए पंचायत राज संस्थाओं, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गण एवं शासकीय सेवकों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने उटीला गाँव की महिलाओं को लाडली बहना के स्वीकृति पत्र सौंपे।

# कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने तीन बैंकों में पहुंचकर डीबीटी कार्य का अवलोकन किया

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत पात्र सभी बहनों के खातें में डीबीटी का कार्य दो दिवस में शत-प्रतिशत किया जाए। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने शनिवार को शहर की तीन बैकों में पहुंचकर। महिलाओं के खाते में डीबीटी किये जा रहे कार्य का अवलोकन किया और अवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके साथ लीड बैंक अधिकारी ब्रजभान भदौरिया, अपर आयुक्त नगर निगम मुकुल गुप्ता और महिला बाल विकास अधिकारी राहुल पाठक जी उपस्थित थे। कलेक्टर अक्षय सिंह ने सेन्ट्रल बैक जयेन्द्र गंज, बैंक ऑफ इंडिया शिंदे की छावनी और स्टेट बैंक तानसेन रोड़ पहुँचे। उन्होंने बैंकों में महिलाओं के खाते को डीबीटी करने के कार्य का अवलोकन किया और निर्देश दिए है । कि दो दिन में शेष बचे सभी खातों में डीबीटी का कार्य पूर्ण किया जाए। उल्लेखनीय है कि ग्वालियर जिले में तीन लाख आठ हजार महिलाओं को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।



# कांग्रेस की हाथ से हाथ जोडो पदयात्रा घर-घर पहुॅची

**ग्वालियर।** आज हर वर्ग किसान, मजदूर, युवा, महिलायें, बुजुर्ग, युवा अपने आप को असहाय महसूस कर रहा है, कांग्रेस इन वर्गो के हितो की रक्षा के लिए काम करती रही है और आगे भी करती रहेगी। 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के गोला का मंदिर ब्लॉक में आज शाम 6 बजे वार्ड 19 के सूखा की कोठी पिन्टू पार्क पर कांग्रेस के जिला पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी, कांग्रेस पार्षद एवं सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्रित हुये, यहां से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा बृहद स्तर पर शुरू हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के झंडे हाथों में लेकर चल रहे थे। यात्रा सूखा की कोठी से प्रारम्भ होकर सूर्य विहार कॉलोनी एवं जडेरूआ कलां की समस्त गलियों में घर-घर पहुंची और जनता से सीधे



संपर्क किया। इस दौरान विधायक डॉ. सिकरवार का पुष्ड़पहार पहनाकर जगह-जगह जोरदार स्वागत किया।यात्रा के दौरान विधायक डॉ. सिकरवार ने जनता से चर्चा करते हुये कहा कि भाजपा देश तोड़ने की साजिश कर रही है, कांग्रेस भारत जोड़ रही है, भारत सर्वधर्म, सद्भाव, भाईचारा के लिए सारे विश्ड़व में एक मिसाल कायम कर रहा है। लेकिन भाजपा नफरत और भय की राजनीति करके देश का अमन-शांती भंग कर रही है। डॉ. सिकरवार ने कहा कि आम आदमी मंहगाई और बेरोजगारी से परेशान है और भाजपा नेता मजे कर रहे हैं, भाजपा सरकार मंहगाई और बेरोजगारी की बात क्यों नहीं करती हैं। उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश भाजपा सरकार ने कर्ज में डूबो दिया है, विकास कार्य ठप पडे हैं। 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा में दौरान विधायक डॉ. सिकरवार के साथ वरिष्ड़ठ नेता बलवीर सिंह तोमर, रामबाबू श्रीवास, ब्लॉक अध्यक्ष हितेन्द्र यादव, कल्लू तोमर, राजेश तोमर, छोटू तोमर, दौलत खान, राजेश शर्मा, श्रीमती सीमा समाधिया, वीणा भारद्वाज, संजना राजावत, रेनू चौहान, लायकराम माहौर, धर्मराज तोमर, बंटू जाटव, कल्याण यादव, कल्लू यादव आदि मौजूद रहे।

# भितरवार क्षेत्र के ग्राम धिरौली में अतिक्रमण हटाने गए अमले के साथ बदसलूकी करने पर पुलिस में मामला दर्ज

**ग्वालियर।** जन जीवन मिशन के तहत शासकीय नल कूप पर किए गए अतिक्रमण को हटाने पहुँए शासकीय अमले के साथ अभद्रता करने पर पीएचई विभाग के सहायक यंत्री ने थाने में कराई एफआईआर। जिले के भितरवार विकासखण्ड के तहसील धिरौली में नल जल योजना के तहत ग्राम में उच्च स्तरीय टंकी का निर्माण एवं पानी की लाइन पिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। नल कूप से टंकी का मिलान कार्य शेष है। अमराघ तिराहे पर रो? के किनारे शासकीय नल कूप है। जिस पर नरेश पुत्र बहादुर यादव द्वारा अतिक्रमण किया गया है । अतिक्रमण कर्ता ने नल कूप से हैण्डपंप निकाल कर अपने पास रख लिया है। एवं अपनी निजी सिंगल फेंस मोटर पंप में डालकर सिंचाई




का कार्य किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भितरवार अश्वनि रावत ने बताया कि लोक स्वस्थ यंत्रीकी विभाग के माध्यम द्वारा पत्र के माध्यम से इस संबंध शिकायत प्राप्त हुई थी। निराकरण के लिए पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक को भी भेजा गया। परंतु अतिक्रमण कर्ताओं द्वारा अतिक्रमण नहीं हटया गया। जिले के प्रभारी मंत्री एवं क्षेत्रीय संसद द्वारा भी इस संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि शनिवार को तहसीलदार सहायक यंत्री श्री अनमोल कोचर, पटवारी एवं पुलिस थाना पनिहार स्टाफ के साथ मौके पर पहुचें। मौके पर नरेश यादव की पत्नी एवं उसकी माँ माडेबाई हैण्डपंप पर हसिया एवं पत्थर लेकर आ गए। तथा शासकीय कार्य में बाध उत्पन्न की। इसके साथ नरेश यादव द्वारा भी शासकीय अमले के साथ दुव्यवहार एवं अपशब्दों का उपयोग किया गया। नरेश यादव को पकडकर पुलिस के हवाले सौप दिया गया है।

# दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा निकाली गई मंगल कलश यात्रा

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर-** कलश यात्रा एक पारंपरिक यात्रा है जो शुभ धार्मिक उत्सव के आगमन का प्रतीक है।कलश सृष्टि और सृजन की शुभ एवं साकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है जो सभी सृजन को एकता में बॉधता है।कलश में पवित्र नदियों का जल सत्य के अनंत ज्ञान का प्रतीक है इस प्रकार कलश अमरता का प्रतीक है।दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा सर्वश्री आशुतोष महाराज जी की कृपा से 4 मई 2023 से फूलबाग मैदान ग्वालियर में सात दिवसीय श्रीराम कथा से पूर्व एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। मंगल कलश यात्रा प्रातः 9:00 बजे अचलेश्वर मन्दिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल फूलबाग मैदान,ग्वालियर पहुँची। कलश यात्रा में 2500 से भी अधिक महिलाओं ने सर पर कलश धारण कर प्रभु नाम के जयकारे लगाए। कलश यात्रा के साथ ही बच्चों द्वारा मन्थन-सम्पूर्ण विकास केन्द्र प्रकल्प सम्बन्धित रैली भी निकाली गई जो बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कारवान भी बनाती है।कलश यात्रा में दिव्य जयोति वेद मन्दिर के वेदपाठ भी सम्मिलित हुए।

# कमलनाथ ही हमारे नेता है,उन्हीं के नेतृत्व में होगा चुनाव : डॉ. गोविन्द सिंह

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने कहा है, कि मध्यप्रदेश में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ हमारे नेता है और उन्हीं के नेतृत्व में विधानसभा 2023 का चुनाव लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग साजिश पूर्वक मेरे बयान को



मेरी मंशा के विपरीत प्रस्तुत कर भ्रम की स्थिति उत्पन्न कर रहे है, जब कि मैंने कहा है कि प्रदेश के प्रमुख नेताओं की बैठक में हम सबने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को अपना नेता मान कर उन्हीं के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की सहमति व्यक्त की है। मैंने ये जरूर कहा है कि परम्परा अनुसार विधायक दल की बैठक में नेता का चयन किया जाता है। यदि कहीं कोई दिक्कत आती है तो ही विधायक दल की बैठक में चुनाव होता है। डॉ. सिंह ने कहा कि जब सभी ने श्री कमलनाथ को नेता माना है और मैंने भी माना है, फिर इस बात को कुछ समाचार पत्रों ने मेरी बात को तोड़ मरोड़कर प्रकाशित व प्रचारित किया है,मैं ऐसे किसी भी बयान का खंडन करता हूँ जो पार्टी में फूट डालने के मकसद से प्रकाशित किए गए है।

# डीआरपी लाईन में पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों ने किया योगा

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के मार्गदर्षन एवं अति. पुलिस अधीक्षक शहर ऋषिकेश मीणा के निर्देषन में डीएसपी पुलिस लाईन विजय भदौरिया एवं रक्षित निरीक्षक सत्यप्रकाष मिश्रा के द्वारा पुलिस लाईन ग्वालियर स्थित परेड ग्राउंड में ग्वालियर पुलिस के अधिकारी व कर्मचारियों को योगा कराया गया। पुलिस लाइन ग्वालियर में योगा का अभ्याय योगाचार्य अभिलाष रावत द्वारा कराया गया। उन्होंने बताया कि योग के माध्यम से आप खुद को फिट रख सकते है, साथ ही बच्चों और परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करें, क्योंकि आमतौर पर देखा जा रहा है कि बच्चे और अन्य सदस्य शरीर की देखभाल में लापरवाही करते है और इससे उसका शरीर बेडोल हो रहा है और मानसिक रूप से कमजोर हो रहे है और इससे बचने के लिए योग ही सबसे महत्वपूर्ण है। योगाभ्यास में 400 से अधिक जिले के पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुये।इस अवसर पर अति. पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) ऋषिकेष



मीणा ने बताया कि शरीर को फिट रखने के लिए योग ही सबसे उपयुक्त है और इससे आपका आत्मबल भी ब?ता है। हमारी कार्यप्रणाली ऐसी है कि हमारा खाने पीने का समय निर्धारित नही रहता है। ऐसे में शरीर में कई बीमारियां पनपने लगती है। उन्होंने बताया कि हमें सुबह के समय नियमित रूप से योगा करके स्वयं को फिट व स्वस्थ रख सकते है। साथ ही योग से आपका शरीर फुलचार्ज हो जाता है और आलस खत्म होने के बाद आप अपने काम में सामान्य से काफी अच्छा महसूस करते है। योग प्रतिदिन करने से आपको कई बीमारियों से बचाव होता है। योगाभ्यास में डीएसपी पुलिस लाईन विजय भदौरिया, प्रषिक्षु आईपीएस सुश्री विदिता ?गर, डीएसपी ट्रेफिक नरेषबाबू अन्नौटिया, डीएसपी ट्रेफिक बैजनाथ प्रजापति, सीएसपी विश्वविद्यालय रत्नेश सिंह तोमर, सीएसपी महाराजपुरा रवि भदौरिया, रक्षित निरीक्षक ग्वालियर सत्यप्रकाश मिश्रा, सूबेदार रूमानाज, सूबेदार अजय प्रताप राजावत, सूबेदार आयुष मिश्रा, सूबेदार अनुपम भदौरिया, सूबेदार राघवेन्द्र जादौन, सूबेदार अभिषेक रघुवंषी के ग्वालियर जिले के समस्त थाना प्रभारी व पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विशेष जनसंपर्क अभियान की शुरूआत सांसद शेजवलकर एवं माखीजानी ने की

**ग्वालियर ।** केन्द्र की लोकप्रिय मोदी सरकार के सफल 9 वर्ष पूर्ण होने पर ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में विशेष जनसंपर्क अभियान की शुरूआत सांसद विवेक शेजवलकर, पूर्व जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ने की । सांसद शेजवलकर ने कहा कि क्षेत्र में इस अभियान के माध्यम से हम हजार प्रतिष्ठित समाजसेवियों से मिलेंगे, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल की । यह अभियान 20 जून तक चलेगा उसके बाद दूसरे चरण 21 से 30 जून में हर घर में हम पहुंचेंगे ।इस अभियान के माध्यम से सांसद शेजवलकर जी ने मिस्डकॉल कराकर उन्हें



विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित व्यक्तियों का आर्शीवाद मोदी जी को मिले ऐसा हमारे संगठन का प्रयास है । शेजवलकर श्री चन्द्रसैन जाधव, राष्ट्रीय मूर्तिकार, राष्ट्रीय कला पुरूस्कार से सम्मानित, अतुल अजनवी राष्ट्रीय शायर, कैप्टन रूपसिंह के परिवार, देश के प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी स्व. शिवाजी पंवार, देश के राष्ट्रीय खिलाड़ी हसरत कुरैशी, विश्व विजेता टीम के सदस्य अरवान कुरैशी से भेंट कर उनके परिजनों का हाल-चाल जाना और मोदी जी को आर्शीवाद देने का आग्रह किया । इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, उदय अग्रवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी, जिला महामंत्री राजू सेंगर, अनिल त्रिपाठी, हरीबावू शिवहरे सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान-2 में नवाचारों के साथ हुआ समस्याओं का समाधान

**ग्वालियर ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर राज्य में आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए 10 मई से 31 मई की अवधि में संचालित जनसेवा अभियान 2.0 में 60 लाख से अधिक मामलों का निपटारा हो जाना एक विशेष उपलब्धि है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अभियान के दौरान मुख्यमंत्री चौहान के आहवान पर अनेक जिलों में नवाचार भी किए गए।जबलपुर में कॉमन एप्लीकेशन फार्म तैयार कर प्रत्येक ग्रामीण एवं नगरीय निकाय को उपलब्ध करवाए गए। इससे आवेदकों से सम्पर्क करने, विभिन्न औपचारिकताएँ पूर्ण करवाने और समय पर सेवाएँ उपलब्ध करवाने का कार्य आसान हुआ। रतलाम जिले में आध्यात्मिक गुरूओं और जन-प्रतिनिधियों ने पदयात्रा कर जन-समस्याओं के




निराकरण के लिए नागरिकों को जागरूक करने का कार्य किया। जिले में नुक्क? सभाएँ हुई और घर-घर पीले चावल देकर वांछित सेवाओं के लिए आवेदन देने का अनुरोध किया गया। भोपाल में ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जिन्होंने अपने काम को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के प्रयास किए, उन्हें प्रशंसा-पत्र एवं प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया। मुरैना जिले में ऐसे नागरिक जो वृद्ध और दिव्यांग हैं, उन्हें आँगनवा?ी कार्यकर्ताओं एवं जन सेवा मित्रों ने शिविरों तक ले जाने में सहयोग दिया। बैतूल जिले में ÷सही माप, सही ज्ञान, कुपोषण मिटाने का अभियान÷ भी चलाया गया। इसमें आँगनवा?ी केन्द्रों में दर्ज 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का शारीरिक माप लिया गया, इससे कुपोषित बच्चों की पहचान और उन्हें पोषण पुनर्वास केन्द्र का लाभ दिलवाने की पहल की गई। शहडोल जिले में ÷हक दस्तावेज, सहूलियत आपकी अभियान÷ चलाया गया। नगरीय क्षेत्र के आवासीय और व्यवसायिक भवनों के लिए अनुज्ञा, भवन पूर्णता और नो-ड्यूज दस्तावेज तैयार कर प्रदान किए गए। दमोह जिले में वार्ड और पंचायतों में सायंकालीन शिविर भी लगाए गए, जिसमें अधिकारियों ने उपस्थित होकर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया इंदौर जिले में आपदा प्रबंधन अभियान में नगरीय क्षेत्र की दुकानों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में फायर फाइटर उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए फायर एनओसी जारी करने का कार्य किया गया। यही नहीं इन उपकरणों के प्रयोग के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया। नर्मदापुरम में हार्टफुलनेस संस्थान हैदराबाद और मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद ने मिल कर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम से नागरिकों को लाभान्वित किया। रायसेन?जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना में ऐसे पात्र हितग्राही जिनके नाम से आवास गृह मंजूर हो गया है और यदि उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई हो तो, उनके आश्रितों को प्राथमिकता से योजना का लाभ दिलवाने का कार्य किया गया। भिण्ड जिले में नए लर्निंग लायसेंस बनवाने के?लिए शिक्षण संस्थाओं में कैम्प लगाए गए। छिंदवा?ा जिले में ÷जल संवाद÷ भी किए गए। जल-संरक्षण और जल के औचित्यपूर्ण उपयोग के संबंध में चर्चा-गोष्ठियाँ हुईं। विभिन्न जिलों में प्रशासनिक अमले ने नवाचारों में सहयोग दिया। नागरिकों द्वारा भी नवाचारों का लाभ प्राप्त किया गया।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478